डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 29 अप्रैल, शनिवार, 2023

## कांग्रेस प्रेमियों से अपील

जय हिंद साथियों समस्त कांग्रेस प्रेमियों एवं कार्यकर्ता गण के साथ–साथ कांग्रेस सेवादल के तमाम पदाधिकारीगण एवं स्वयंसेवकों को अपील के साथ सूचित किया जाता है कि बिहार कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु दिनांक 3 जून 2023 से 30 जून 2023 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण बिहार कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में 9 प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 9 प्रमंडल के हिसाब से किया जा रहा है जो भी साथी प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहते हैं वाह नीचे दिए गए नंबर पर अथवा कार्यालय प्रभारी श्री विपिन झा 9931986181 को दर्ज करवाएं

**-डॉ संजय कुमार**
प्रदेश अध्यक्ष
कॉग्रेस सेवा दल, बिहार



## कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023

# "सरकार बनी तो बस में मुफ्त होगा सफर", महिलाओं से कांग्रेस का बड़ा वादा



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कर्नाटक में पांचवीं चुनावी 'गारंटी' की घोषणा करते हुए राज्य में सार्वजनिक परिवहन की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा का वादा किया. राहुल गांधी ने 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उडुपी और दक्षिण कन्नड़ जिलों में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया.

उन्होंने कांग्रेस द्वारा चुनावी गारंटी पूरी नहीं किए जाने के संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी पर भी निशाना साधा. यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ''चार मौजूदा (चुनावी) गारंटी में हम एक और गारंटी जोड़ेंगे. यह महिलाओं के लिए होगी। मोदी जी, ध्यान से सुनिए. कांग्रेस के सत्ता में आते ही पहले दिन पांचवीं गारंटी भी लागू की जाएगी, जिसके तहत पूरे कर्नाटक में महिलाएं सार्वजनिक परिवहन बसों में मुफ्त यात्रा करेंगी."

उन्होंने आरोप लगाया, ''आपके (भाजपा) लोगों ने 40 फीसदी कमीशन के जरिये कर्नाटक की महिलाओं के पैसे लूटे, ये आपका काम रहा, जबकि हमारा काम कर्नाटक की महिलाओं को राज्य के पैसे का लाभ देना है. इसलिए, कांग्रेस के चुनाव जीतने के तुरंत बाद जब भी आप बसों में किसी महिला से मिलेंगे, तो वे बसों में यात्रा करने के लिए एक रुपया नहीं दे रही होंगी." उल्लेखनीय है कि कांग्रेस द्वारा घोषित चुनावी 'गारंटी' में कहा गया है कि 'गृह ज्योति' योजना के तहत हर महीने 200 यूनिट मुफ्त बिजली, 'गृह लक्ष्मी' योजना के तहत परिवार की प्रत्येक प्रमुख महिला को 2,000 रुपये प्रति माह, 'अन्न भाग्य' के तहत बीपीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य को हर महीने 10 किलोग्राम चावल की पेशकश की जाएगी. इसके अलावा 'युवा निधि' के तहत बेरोजगार स्नातकों को प्रति माह 3,000 रुपये तथा डिप्लोमा धारकों को दो साल के लिए 1,500 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे.

# कांग्रेस पार्टी "जन की बात " कार्यक्रम आयोजित कर जन समस्याओं के निराकरण हेतु संघर्ष करेगी

**पटना । कांग्रेस दर्पण**



बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी,श्रवण पासवान, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, नारायण कुमार सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, विशाल कुमार, मो समद, असरफ इमाम, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल आदि ने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेता, कार्यकर्ता हर महीने के अंतिम रविवार को जिला,प्रखंड, पंचायत, मंडल, वार्ड, बूथ स्तर पर ₹ जन की बात कार्यक्रम आयोजित कर आमजन के समस्याओं के निराकरण हेतु संघर्ष चलाएगी।

कार्यक्रम की शुरुआत दिनांक 01मई 2023, मजदूर दिवस से शुरू किया जायेगा। गया में कांग्रेस कार्यालय , श्रमिक केंद्र राजेंद्र आश्रम प्रांगण में शहर के 53 वार्डो के लोगो की समस्याओं से रूब रू होकर उसके निराकरण हेतु सभी प्रकार के कारवाई एवम् संघर्ष किया जाएगा। नेताओ ने कहा की गया जिला के सभी 24 प्रखंडों, 332 ग्राम पंचायत, 3208 बूथों पर भी कांग्रेस पार्टी के नेता कार्यकर्ता ₹ जन की बात ₹ कार्यक्रम आयोजित करेंगे। नेताओ ने कहा की आज देश में बढ़ती हुई कमरतोड़ मंहगाई, चरम सीमा पर पहुंची बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, घोटाला से आमजन त्रस्त है, तो दूसरी ओर केंद्र एवम् राज्य सरकार प्रायोजित कार्यक्रम के लाभ से वंचित लोग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन से छूटे वृद्ध, विकलांग, विधवा,को पेंशन दिलाने, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, तथा कृषि हेतु बीज, खाद सभी चीजों के लिए उचित सलाह एवम् कार्य करेंगे।


विजय कुमार मिठू

# क्षत्रिय राजपूत के गौरवशाली इतिहास को मिटाना चाहती हैं वर्तमान भाजपा सरकार

**पटना । कांग्रेस दर्पण**



बिहार प्रदेश इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मुगलों के बहाने क्षत्रिय राजपूत का गौरव पूर्ण इतिहास को मिटाना चाह रही है।भारत में विदेशी आक्रमणकारी और मुगलों के विरुद्ध क्षत्रिय राजपूत की युद्ध में अद्वित्य भूमिका रही है।मुगलों का इतिहास हटते ही स्वतः राजपूतों का इतिहास खत्म हो जायेगा।राणा कुम्भा, पृथ्वीराज चौहान, मिहिर भोज प्रतिहार, और चौहान वंश के शासकों ने लगातार बाहरी आक्रमणकारियों से जोर दार मुकाबला कर उन्हें धूल चटाने का काम किया था।यदि एन सी ई आर टी के पाठ्यक्रम से मुगलों के इतिहास को हटाया जाता है तो स्वतः राजपूतों का इतिहास खत्म हो जायेगा।पूर्व सांसद आनंद मोहन सिंह के रिहाई का विरोध भी उसी का एक कड़ी है।इसी तरह मेवाड़ राजा राणा संग्राम सिंह, महाराज बख्त सिंह, दुर्गा ग्राम राठौड़, महाराजा क्षत्रपाल बुंदेला, राजा अजित सिंह राठौर, चंद्र सिंह राठौर, महाराणा प्रताप, मालदेव राठौर के त्याग, तपस्या और बलिदान को आने वाली पीढ़ी अनभिज्ञ रह जायेगी।उनका नामों निसा मिट जाएगा।अतः सरकार मुगलों के बहाने क्षत्रिय राजपूत के पराक्रम मिटाने की कोशिश कर रही है।अतः इस निर्णय पर सरकार को पुनर्विचार करनी चाहिए।सुरेश प्रसाद यादव, अध्यक्ष, इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड बिहार प्रदेश।



# आरिस्टो फार्मा के एमडी उमेश शर्मा के काफिले पर हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव

पटना । कांग्रेस दर्पण



आरिस्टो फार्मा के प्रबंध निदेशक और जिले के सामाजिक कार्यकर्ता श्री उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू के काफिले पर किए गए हमले को बिहार प्रदेश कांग्रेस पार्टी के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य और जाने माने शिक्षाविद् डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने इस घटना की कड़ी निन्दा करते हुए कहा कि भोला बाबू जहानाबाद के लिए एक आदर्श हैं। उनके द्वारा जिले में किए जा रहे सामाजिक कार्य काफी सराहनीय है। डॉक्टर यादव ने इस बाबत अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि कुछ अवांछित तत्वों ने इस तरह की घटना को अंजाम देने का काम किया है। जिस पर कड़ी प्रशासनिक और पुलिसिया कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने भोला बाबू से अपील की कि जिस तरह से वो जिले में अपने सामाजिक कार्यों को बखूबी कर रहे हैं, उसे उसी प्रकार आगे बढ़ाते रहें। उन्हें किसी से डरने या दबने की जरूरत नहीं है।



## विशेष आमंत्रण

महोदय/महोदया

आपको सूचित करते हुए हमें हर्ष हो रहा है कि महात्मा गांधी के प्रपौत्र श्री तुषार गांधी जी आगामी 30 अप्रैल, 2023 को पूर्वाह्न 1 बजे दिन में बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाक़त आश्रम, पटना में कांग्रेस जनों से संवाद स्थापित करेंगे। ₹वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में गाँधी की प्रासंगिकता₹ संवाद का मूल विषय होगा।

आपसे आग्रह है कि इस कार्यक्रम में उपस्थित हो तुषार गाँधी जी के सानिध्य का लाभ उठायें।

सधन्यवाद।

**डॉ0 अखिलेश प्रसाद सिंह, सांसद**
**अध्यक्ष, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी**

# कर्नाटक में बीजेपी खात्मे की कगार पर है। ऐसे में उसके नेताओं की बौखलाहट बढ़ रही हैः नूर आलम शेख़

पटना । कांग्रेस दर्पण

इस बौखलाहट में प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर इखढ के नेता उ्ल जलूल बयान दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की शह पर कर्नाटक में उनके फेवरेट नेता बसंगौड़ा पाटिल यत्नाल ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी को 'विष कन्या' कहकर अपमानित करने की शर्मनाक हरकत की है।

सोनिया गांधी जी देश के लिए शहीद हुए प्रधानमंत्री की पत्नी हैं। और शहीद हुए प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी की बहू है इखढ और खुद प्रधानमंत्री मोदी पहले भी बेहद घटिया और आपत्तिजनक टिप्पणी करते आए हैं। एक शहीद प्रधानमंत्री की पत्नी के लिए अभद्र शब्दों का प्रयोग यह देश बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के इशारों और बोम्मई के संरक्षण में जिस तरह की बातें सोनिया गांधी जी के बारे में कही गई हैं, उसका हिसाब कर्नाटक और देश की जनता करेगी। हमारी मांग है कि ढट मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, इखढ अध्यक्ष जेपी नड्डा और सीएम बोम्मई सार्वजनिक तौर पर श्रीमती सोनिया गांधी जी से माफी मांगे। कर्नाटक की जनता से माफी मांगे नहीं तो कर्नाटक की जनता भाजपा के नेता को कभी माफ करने वाली नहीं है



जय कांग्रेस जय बिहार प्रदेश, नूर आलम शेख़
सीतामढ़ी

# गोगुंदा विधानसभा में महंगाई राहत कैंप में 7625 परिवार हुए लाभान्वित

**अजमेर। कांग्रेस दर्पण**

आज दिनांक 28.4.2023 को राजस्थान सरकार द्वारा चल रहे महंगाई राहत कैंप में विभिन्न स्कीम में 7625 परिवार लाभान्वित हुए। जिसमे गोगुंदा पंचायत समिति में 2010 परिवार लाभान्वित हुए, सायरा पंचायत समिति में 1750 परिवार लाभान्वित हुए, बडगांव में 3070 परिवार वही कोटडा में 795 परिवार को महंगाई राहत कैंप में विभिन्न स्कीम के तहत पंजीकृत किया गया। इस दौरान गोगुंदा पंचायत समिति के छाली ग्राम पंचायत में दो दिवसीय प्रशासन गांवों के संग कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमे पूर्व मंत्री डॉ मांगी लाल जी गरासिया साहब ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डॉ गरासिया ने आमजन को इस केंप के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही और राजस्थान सरकार द्वारा महंगाई राहत कैंप में प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ लेने हेतु पंजीयन करवाने की बात कही। उन्होंने आमजन से कहा की आज देश महंगाई से त्रस्त है लोगो में महंगाई को लेकर खासा रोष व्याप्त है परंतु देश की केंद्र सरकार इस हेतु कोई ध्यान नहीं दे रही है परंतु राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत साहब ने सवेंदशीलता दिखाते हुए आमजन को महंगाई से निजात दिलाने हेतु विभिन्न राहत केंप आयोजित किए जिससे आने वाले समय में लोगो को लाभ मिलेगा। आज ग्राम पंचायत छाली में आयोजित प्रशासन गांवों में संग केंप में राजस्व विभाग के अंतर्गत 23 प्रकरण नामन्तरण के, 02 प्रकरण सिमाज्ञान, 11 नाम शुद्धिकरण एवम कृषि विभाग में 01 आवेदन फार्म पौंड का स्वीकार किया। साथ ही 04 परिवार को सिंचाई पाइप हेतु पंजीयन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगो को सभी विभागों की राजकीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी शिविर के दौरान पूर्व मंत्री डॉ मांगी लाल जी गरासिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम सिंह जी राजपूत, उपखण्ड अधिकारी हनुमान सिंह जी राठौड़, तहसीलदार श्री रवीन्द्र सिंह जी चौहान, विकास अधिकारी हीरा लाल जी मीणा सहित सभी विभागों के अधिकारी एवम स्थानीय जनप्रतिनितिगण मौजूद रहे।




## बैठक की सारी तैयारीयाँ पूरीः जिलाध्यक्ष



भोजपुर जिला अध्यक्ष श्रीमती सुशीला देवी जिला में बैठक की लगभग सारी तैयारीयाँ पूरी कर ली है उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गण को सम्मानित किया जाएगा! और प्रदेश स्थर के बड़े पदाधिकारीगण से बात कर के उनकी राय और उपस्थित के लिए कुछ और समय चाहूँगी! मुझे आशा ही नहीं पुरा भरोसा है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होंगे! युक्त बाते तरारी विधान सभा में पोस्ट कार्ड भरने के दौरान उन्होंने कही वहाँ विधान सभा अध्यक्ष श्रीमती कांति देवी और सैकड़ों लोगों की उपस्थित रही।



# राज्य सरकार द्वारा संचालित महंगाई राहत शिविरो मे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने महती भूमिका निभाई है : लाम्बा



**उदयपुर। कांग्रेस दर्पण**

उदयपुर,प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त उदयपुर जिला समन्वयक, राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम लाम्बा ने उक्त विचार व्यक्त करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा की महंगाई राहत केम्प मे महती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उनकी कार्यशैली की प्रसंशा की और उपस्थित सभी कांग्रेसजनों को महंगाई राहत केम्प को सफल बनाने के दिशा निर्देश प्रदान किये' अध्यक्षता करते हुए निवर्तनमान जिला अध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा (गोपजी) ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री की कार्यशैली की प्रसंशा की तथा शहर कांग्रेस के अथक परिश्रम के बारे में समन्वयक सीताराम लम्बा को अवगत कराया ' पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया ने महंगाई राहत केम्पो की जानकारी दी ' ए ब्लॉक अध्यक्ष सोमेश्व 'मीना,बी ब्लॉक अध्यक्ष अजयसिंह ने अपने ब्लॉक मे चल रहे राहत केम्पो मे अधिकारी वर्ग द्वारा बरती जा रही शिथिलता के बारे मे अवगत कराया जिस पर लाम्बा ने इस बात को मुख्यमंत्री तक पहुँचाने की बात कही 'कांग्रेस नेता विवेक कटारा,दिनेश श्रीमाली,महामंत्री व पूर्व पार्षद मोहम्मद अयूब, राजीव सुहालका, के जी मुंदडा,महिला अध्यक्ष नजमा मेवाफ़रोश तथा चंद्रकांता सोनी ने भी केम्पो मे आ रही समस्याओ पर विचार व्यक्त किये'

उक्त जानकारी देते हुए निवर्तनमान महासचिव मोहनलाल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता पंकज शर्मा, पार्षद हिदायतुल्ला खां, संजय मंदवानी उदयनंद पुरोहित, महेंद्र पूर्बिया, गोरीशंकर पटेल, मनीष शर्मा,विवेक नागदा,सुरेश शर्मा, गोविंद सक्सेना, सूर्यप्रकाश उपाध्याय सहित कई कांग्रेसजन मौजूद थे '






# मोदी जी आपका अडानी से क्या रिश्ता है?

## सीतामढ़ी से पोस्टकार्ड भेज कर प्रधानमंत्री से सवाल पूछ रहे लोग

## संसदीय लोकतंत्र का गला घोंट रही मोदी सरकार : शम्स शाहनवाज़

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

जय भारत सत्याग्रह महाभियान के तहत कांग्रेस पार्टी का 'मोदी जी जवाब दो' पोस्टकार्ड अभियान जारी है। शुक्रवार प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह पूर्व यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष शम्स शाहनवाज के नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्र के नाहर चौक, तलखापुर, शांति नगर, शंकर चौक, अमघट्टा में स्थानीय लोगों के बीच मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों और जनता से वादाखिलाफी के बारे में जागरुकता अभियान चलाया गया। मौके पर सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस के पोस्टकार्ड अभियान से जुड़कर मोदी सरकार से अडानी से रिश्ते पर सवाल पूछे।

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो. शम्स शाहनवाज़ ने कहा कि मोदी सरकार संसदीय लोकतंत्र का गला घोंट रही है। जनमानस की आवाज को दबाया जा रहा है। जननायक राहुल गांधी ने अडानी की कंपनी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का मामला उठाया तो भाजपा और आरएसएस बौखला गई। अदालती आदेश की आड़ में राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द कर दिया गया। लेकिन राहुल गांधी डरने वाले नहीं हैं और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहेंगे।

सीतामढ़ी विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अख्तर रजा खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अडानी के साथ क्या रिश्ता है? अडानी ने भाजपा को पिछले 8 सालों में कितना चंदा दिया है? अडानी 8 सालों में देश के अमीरों की सूची 609 नंबर से 2 नंबर पर कैसे आ गए? मोदी जी के साथ अडानी ने जो विदेश यात्रा की, उसमें उनकी कंपनी को कितने टेंडर मिले? इन सवालों का जवाब देश की जनता जानना चाहती है।

मौके पर वैदेही शरण यादव, मो.अब्दुल्लाह, निजामुद्दीन अंसारी, राहुल कुमार, राजीव कुमार कुशवाहा, राशिद आलम, सुशील पासवान, मो.फैयाज, जाकिर अंसारी, तनवीर खान, वीरेंद्र पंडित, दिलकश खान, अंकित कुमार, कृष्णा कुमार, मुश्ताक सरवर, विवेकानंद यादव, राजाराम राय, मुनिंद्र झा, बिट्टू ठाकुर, सोहैल अख्तर, शेख गुलाब, सेराज अहमद अंसारी आदि मुख्य रूप मौजूद थे।



# मलहद-भगवतीपुर नहर सिंचाई योजना जो आज तक अधूरे काम को पूरा करने की मांग

**पटना । कांग्रेस दर्पण**

आज बंसी ब्लॉक के प्रांगण में बंसी प्रखंड के विभिन्न गांव के किसानों एवं विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मलहद –भगवतीपुर नहर सिंचाई योजना जो आज तक अधूरा है आज तक कि जो भी सरकारी किसानों को आश्वासन देते रहे लेकिन किसानों को खेतों तक आज भी पानी नहीं पहुंचा हमारे गांव के बाद मोगलापुर निवासी किसान स्वर्गीय बांके शर्मा जीके जमीन को सरकार आज तक अधिग्रहण नहीं कर पाई जिसके कारण लगभग 2 एकड़ जमीन में नहर की खुदाई आज तक नहीं जिसके कारण नहर से आने वाला पानी सारा का सारा नेनुआ नाला में अनावश्यक गिर जाती है जिसके कारण वंशी प्रखंड के लगभग 14 गांव के किसानों की फसल पानी के बिना मर जाती है इसी मांग को लेकर सभी किसान बंधुओं के साथ आज बंसी ब्लॉक के प्रांगण में सरकार खिलाफ धरना दी गई, इस धरना में कांग्रेस नेता राम विनय सिंह यादव, मोहम्मद कैफ, सत्येंद्र शर्मा, अजीत कुमार उर्फ पुन्यदेव यादव, उमाकांत पांडे, किसान नेता जनक देव सिंह यादव उर्फ गांधीजी, विनय कुमार दरोगा, निशिकांत कुशवाहा, प्रोफ़ेसर विजय यादव, मोहम्मद लड्डू मलिक, इंजीनियर मोहम्मद सरवर जी, बनवारी यादव, सकलदेव यादव, बैजनाथ यादव, राजेश्वरी यादव ,रामाधार



# श्रीमद् देवी भागवत कथा मात्र सुनने से जीवन का कल्याण हो जाता हैः राकेश राणा



**पटना । कांग्रेस दर्पण**

मंदार पट्टी के मयूडी गांव में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा महापुराण के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहां की श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा मात्र सुनने से ही जीवन धन्य हो जाता है।

उन्होंने गांव वासियों को बधाई देते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत कथा करने से 21 पीढियों का उद्धार हो जाता है। 84 लाख योनियों के बाद मानव जीवन मिलता है इसको नित्य नियम कर्म धर्म के साथ जीना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा करने और सुनने से जीवन का उद्धार होता है तब चाहे सतयुग रहा हो द्वापर युग रहा हो रहा हो या आज कलयुग के प्रथम चरण में हो सभी युगों में सनातन धर्म में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का अपना अलग स्थान है

व्यासपीठ पर विराजमान पूज्य पाद शांति प्रसाद डंगवाल एवं गणेश पुरवाल जी ने श्रीमद् देवी भागवत ओर श्रीमद देवी भागवत का मानव जीवन मे महत्व को समझाया। उपरोक्त कार्यक्रम में ग्राम सभा के प्रधान विनोद गुसाई मंदार गांव के प्रधान विजय पाल सिंह रावत शीशपाल सिंह गुसाईं पूर्व प्रधान सतपन सिंह बगियाल, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ,तनीषा रावत, रेशमा नेगी स्तपन सिंह गुसाईं, भागवत प्रसाद भट्ट त्रिलोक सिंह गुसाईं बच्चन सिंह गुसाईं, गुप्ता बिष्ट, हरीश डोभाल, सहित सैकड़ों लोग कथा उपस्थित थे।

# राजस्थान बोल रहा है फिर से गहलोत...

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महंगाई राहत कैंप लगवाकर लोगों को दी बड़ी राहत!



**पटना ।कांग्रेस दर्पण**

सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया की महंगाई राहत कैंप शिविर राजस्थान प्रदेश में लाखो लोग करवा रहे है रजिस्ट्रेशन।28 अप्रैल 2023 को अजमेर नगर निगम में चल रहा महंगाई राहत कैंप में सुबह 7 बजे से ही सैंकड़ों लोगों आना हुआ शुरू। और शाम होते होते करीब सैंकड़ों लोगो ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। इस दौरान पीयूष सुराणा ने लोगो को योजनाओं की बात समझाई और कैंप के दौरान आए लोगो ने अपनी पीड़ा सुनाई की पिछले 5 साल करीब से राशन ही नहीं चालू हुआ जानकारी के मुताबिक पीयूष सुराणा द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पूर्व में 2 –3 साल पहले खाद्य सुरक्षा पोर्टल को खोलने की मांग की थी अपने लेटर पैड पर लिखे इस पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर खाद्य सुरक्षा पोर्टल शुरू करने की बात कही इसके चलते पिछले साल करीब 1 लाख लोगो के लिए खाद्य सुरक्षा पोर्टल खोला गया। उसके बाद अभी तक खाद्य सुरक्षा पोर्टल केंद्र सरकार ने बंद कर रखा है। आमजन से बात की तो उन्होंने पीयूष सुराणा को बताया की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जो जनता को राहत दी है वास्तविकता में जननायक भगवान का रूप है। श्रीमती नीलम प्रभु सबलनिया




ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया और कहा मेरा पूरा परिवार कांग्रेस को ही चुनेंगे क्योंकि कांग्रेस पार्टी गरीब मध्यम वर्गीय परिवारों की है वास्तव में हम लोगो का ख्याल रखती है। पीयूष सुराणा ने सब्जी बेचने वाले,सेल्स मेन,दिव्यांगजन के राहत कैंप से रजिस्ट्रेशन करवाया। इसी क्रम में पीयूष सुराणा ने रमेश भाई,जितेंद्र सेन,रजनी वाधवानी,लता अरोरा,श्रीमती नीलम सबलानिया,नरेश भाऊमुकेश,पप्पू, ओम गहलोत,हीरा नाथ, कई लोगो की राहत कैंप से योजनाओं का फायदा दिलवाने हेतु रजिस्ट्रेशन करवाया। ने महंगाई राहत कैंप में रजिस्ट्रेशन करवाया और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली,पार्षद श्रीमतीअनिता मनीष चौरसिया,मनीष सेठी,हीरा नाथ योगी,हरी प्रसाद जाटव,प्रेम सिंह गौड़,हनुमान शर्मा,जितेंद्र कुमार चौधरी, अशोक सुकरिया,महंगाई राहत कैंप में मैजूद रहकर अपनी सेवाए दी। पीयूष सुराणा ने महंगाई राहत कैंप शिविर में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक अपनी सेवाएं भी दी और लोगो को जानकारी देते हुए संतुष्ट किया। सुराणा ने ड्यूटी पर जोअपनी सेवायें दे रहे है वरुण पारीक, नीरज एवम कंप्यूटर पर कार्य करने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों को आभार एवं धन्यवाद दिया।